प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन में लिए गए निर्णयों से लोगों के जीवन पर पड़ा सकारात्मक असर।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–विद्यालयों के विलय के चलते सरप्लस मिड–डे–मील कार्यकर्ताओं को समीपवर्ती स्कूलों में किया जाएगा समायोजित।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान आज से शुरू–प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश भाजपा का आरोप–कांग्रेस सरकार ने लोगों पर बढ़ाया महंगाई का बोझ।

कार्यकाल–3.0

केंद्र की मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों ने लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर डाला है और 2047 तक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। इस बीच प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के सौ दिन पिछले दस साल की तरह बेमिसाल रहे हैं। कुल्लू में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिनों में लगभग 15 लाख करोड़ रूपए की परियोजनाएं शुरू की गई हैं जो एक रिकॉर्ड है। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और लद्दाख को हिमाचल से जोड़ने वाली शिन–खुन–ला सुरंग की आधारशिला रखी गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य गरीब, युवा, किसान और महिला कल्याण है।

प्रधानमंत्री जन्मदिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिन के अवसर पर आज प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है और आज कई स्थानों पर रक्तदान शिविर व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन

विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन से शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा 2 अक्तूबर को गांधी जयंती पर संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का हर क्षण जनता और देश के लिए समर्पित है। सिद्धार्थन ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालयों और अस्पतालों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से देश आगे बढ़ रहा है। उधर धर्मशाला में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर प्रदेश में 17 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गए हैं और प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विद्यालयों के विलय के दृष्टिगत सरप्लस मिड–डे मील कार्यकर्ताओं को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित किया जाएगा और उनकी सेवाओं को समाप्त नहीं किया जाएगा। शिमला में आज शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वर्तमान शिक्षा प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव ला रही है और शिक्षण संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकारी स्कूलों का विलय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को विश्वस्तरीय शिक्षण पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के लिए सरकार ने उन्हें विदेशों में शिक्षण भ्रमण करवाया ताकि प्रदेश के विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए भी इस तरह के भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करवाएगी ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा में और निखार आ सके। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य में मनाए जाने वाले मेले व त्यौहार यहां की समृद्ध संस्कृति के प्रतीक है और हिमाचल अपनी समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। सिरमौर जिले के राज्य स्तरीय वामन द्वादशी सराहां मेले के समापन अवसर पर उन्होंने कहा प्रदेश में विकास को गति देना राज्य सरकार का लक्ष्य है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों व अस्पतालों में रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में 22 हजार रिक्त पद स्वीकृत किए है। उद्योग मंत्री ने कहा कि सिरमौर के गीनीघाट इलाके को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि यहां की आर्थिकी को और सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर हर्षवर्धन चौहान ने राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेले की स्मारिका का विमोचन भी किया।

स्वच्छता अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान–2024 आज से शुरू हो गया है जो दो अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष की थीम है स्वभाव स्वच्छता– संस्कार स्वच्छता। इस दौरान पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जल निकायों, चिडियाघरों, अभयारण्यों तथा सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों जैसे विभिन्न स्थलों पर श्रमदान और सामूहिक सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय और विभिन्न राज्य देशभर में अनेक गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। इस वर्ष स्वच्छता अभियान तीन प्रमुख स्तंभो– स्वच्छता के लिए श्रमदान गतिविधि, स्वच्छता में जनभागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर पर आधारित है। अभियान में नागरिकों के अलावा उद्योगों, गैर–सरकारी संगठनों, विकास संगठनों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायतों और विभिन्न हितधारकों को शामिल किया जाएगा। सभी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, मुख्य मंत्री, केंद्रीय मंत्रालय और स्थानीय निकाय राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान सुनिश्चित करने में भागीदारी करेंगे।

स्वच्छता अभियान–2

इधर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला के समीप नालदेहरा में राज्य स्तरीय स्वच्छता अभियान के तहत हिम–ईरा हाट में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के सचिव राजेश शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सभी सदस्यों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। वहीं आकाशवाणी शिमला में स्वच्छता पखवाड़े के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। समाचार एकांश में सहायक निदेशक रितेश कपूर ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जिसमें प्रण लिया गया कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे और व्यक्तियों को भी स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा देंगे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब तक के कार्यकाल में अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस का झूठ बेनकाब हो चुका है और कांग्रेस की गारंटी पर कोई भी विश्वास नहीं करेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने लगभग दो साल के कार्यकाल में लोगों पर मंहगाई का बोझ बढ़ाया और जनता को मिल रही सुविधाओं को बंद कर दिया। उन्होंने सुक्खू सरकार पर पांच सौ से ज्यादा स्कूल बंद करने और पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लोगों को दी जा रही निःशुल्क ईलाज, जांच, बिजली और पानी जैसी सुविधाओं को छीनने का आरोप भी लगाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर विकास के मामले में पूरी तरह विफल रहने का आरोप लगाया है। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आंकड़ों के मायाजाल से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर

रहे हैं और विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों को पूरा नहीं किया गया है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक न होने का हवाला देकर राज्य सरकार जनता पर मंहगाई का बोझ बढ़ा रही है।

<u>मार्ग अवरूद्ध</u>

किन्नौर ज़िले के निगुलसरी में राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 जमीन धंसने के कारण एक बार फिर पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। भावानगर के पास सड़क का करीब 70 मीटर हिस्सा पूरी तरह से धंस गया है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लोग दो किलोमीटर पैदल चल कर वाया तरंडा सड़क से निकल रहे हैं। कनिष्ठ अभियंता सतीश जोशी ने बताया कि निगुलसरी मार्ग भावानगर की तरफ से पूरी तरह धंस गया है और इसे कल तक बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे।

<u>पैंशनर्ज</u>

प्रदेश के पैंशनरों व कर्मचारियों ने 20 सितम्बर को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने बताया कि पेंशनरों ने सरकार के लिए वार्ता का समय दिया था लेकिन उन्हें नहीं बुलाया गया। अब पेंशनर लंबित डीए व एरियर की मांग को लेकर 20 सितंबर को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की बहुत देनदारियां बाकी हैं जो पूर्व की भाजपा सरकार के समय से चली आ रही है। आत्माराम शर्मा ने बताया कि एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को आज दिन तक संशोधित पैंशन के एरियर, लीव इंकैशमैंट, ग्रैच्युटी व कम्युटेशन नही दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार अगर पैंशनरों की मांगों पर गौर नहीं करती है तो पैंशनर्स बड़ा आंदोलन करेंगे।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन में लिए गए निर्णयों से लोगों के जीवन पर पड़ा सकारात्मक असर।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–विद्यालयों के विलय के चलते सरप्लस मिड–डे–मील कार्यकर्ताओं को समीपवर्ती स्कूलों में किया जाएगा समायोजित।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान आज से शुरू–प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश भाजपा का आरोप–कांग्रेस सरकार ने लोगों पर बढ़ाया महंगाई का बोझ।

———————